# तू राम भजन कर प्राणी तेरी दो दिन की जिंदगानी लिरिक्स

तू राम भजन कर प्राणी,
तेरी दो दिन की जिंदगानी।**bd।**

देखे – भजन बिना चैन ना आये राम।

---

काया माया बादल छाया,
मूरख मन काहे भरमाया,
उड़ जाएगा साँस का पंछी,
फिर क्या आनी जानी,
तेरी दो दिन की जिंदगानी,
तेरी दो दिन की जिंदगानी।**bd।**

---

जिसने राम नाम गुण गाया,
उसको लगे ना दुख की छाया,
निर्धन का धन राम नाम है,
मैं हूँ राम दिवानी,
तेरी दो दिन की जिंदगानी,
तेरी दो दिन की जिंदगानी।**bd।**

---

सजन सनेही सुख के संगी,
दुनिया की है चाल दुरंगी
नाच रहा है काल शीश पे,
चेत चेत अभिमानी,
तेरी दो दिन की जिंदगानी,
तेरी दो दिन की जिंदगानी।**bd।**

---

तू राम भजन कर प्राणी,
तेरी दो दिन की जिंदगानी।**bd।**

**Singer – Anuradha Ji Paudwal**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com